RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा
नीमच, बुधवार
17 जुलाई 2024
वर्ष 02, अंक 16, - मूल्य 02



पेज. 4 पाप कर्म क्षय करने के लिए तपस्या सशक्त माध्यम

# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

Commodity: Gold 73,711 Silver 92,265 Crude Oil 6,587 Natural Gas 198.80 Aluminium 221.65 Copper 827.80

**खास खबर**

## वार्ड क्रमांक 5 में हरे भरे पेड़ों को कटवाकर जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम को किया कलंकित

**नीमच।** वार्ड नंबर 5 में गार्डन में लगे हरे भरे पेड़ पौधों को काटने की जानकारी वार्ड नंबर 5 पार्षद प्रतिनिधि विशाल यादव को वार्ड वासियों द्वारा मिलने पर पार्षद प्रतिनिधि द्वारा वार्ड क्रमांक 5 में पंहुच जानकारी ली तो वार्ड वासियों से पता चला कि नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा जलकल सभापति छाया जायसवाल व रमेश राठौर एवं उनके अन्य साथियों द्वारा बगीचे में लगे कई हरे भरे पेड़ पौधौ को पूरी तरह से कटवा दिया गया जिसकी जानकारी संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था को भी लगी तो उन लोगो ने भी उक्त पेड़ काटे स्थान का जायजा ले वार्ड वासियों से पेड़ काटने वालों पर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में शिकायत करने की बात कही उक्त मौके वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रतिनिधि विशाल यादव वआक्रोशित वार्ड वासियों ने बताया कि लगभग आठ दस वर्षों की मेहनत से हम कॉलोनी वासियों ने मेहनत कर जिन पेड़ों को बड़ा कर हरे भरे करें थे उन पेड़ों को नगर पालिका के जिम्मेदारों के द्वारा कटवा दिया गया बगीचे में लगे पेड़ पौधों से किसी को कोई नुकसान नहीं हो रहा था बल्कि उन पेड़ पौधों से कॉलोनी वासियों को शुद्ध पर्यावरण और छाया का लाभ मिलता था आज इन पेड़ों की कटाई से वार्ड वासी और कॉलोनी वासियों को काफी दुख पहुंचा और यह मांग की गई कि इस प्रकार के पेड़ कटाई के मामले में जिला प्रशासन और नगर पालिका तत्काल कार्रवाई करें ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार हरे-भरे पेड़ों की बिना अनुमति के नहीं काट सके कॉलोनी वासी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना चाहते हैं और नगर पालिका व जनप्रतिनिधि ही यदि इस प्रकार पेड़ों को कटवाएगी तो पेड़ लगाने का कोई औचित्य ही नहीं रह जाएगा।

जिला प्रशासन तत्काल स्थल निरीक्षण कराकर योग्य कार्रवाई करने की मांग कॉलोनी वासियों ने पार्षद प्रतिनिधि विशाल यादव एवं पर्यावरण मित्रों के समक्ष रखी मौके पर काफी महिलाओं और बच्चों ने पेड़ों की बेरहमी से अवैध तरीके से कटाई पर आक्रोश देखा गया जिसके संबंध में पार्षद प्रतिनिधि विशाल यादव व पर्यावरण मित्रों ने उन्हें आश्वस्त किया कि आप लिखित में शिकायत पत्र दे हम लोग शहर की जागरूक जिला प्रशासन, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला फारेस्ट आफिसर एवं नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इस प्रकार बिना अनुमति अवैधानिक तरीके से नगर पालिका की टीम से कॉलोनी वासियों के लिए सुरक्षित गार्डन मेंअंधाधुन पेड़ों की कटाई के संबंध में ज्ञापन दे शीघ्र हरे भरे पेड़ पौधे काटने वाले नगर पालिका कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

प्रतिनिधि विशाल यादव, पंडित दीनदयाल मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहन यादव, मीडिया प्रभारी गिरधारी यादव, पर्यावरण मित्र संस्था के जगदीश वर्मा, किशोर बागड़ी, डॉ राकेश वर्मा,डॉ यशवंत पाटीदार, डॉ पंकज सोलंकी, सुभाष सिंह सोलंकी, शिवराम धाकड़, गोपाल कृष्ण वर्मा, प्रताप सिंह चौहान एवं कई मातृशक्ति उपस्थिति रही।

## महावीर जिनालय विकास नगर श्री संघ में चातुर्मास के लिए जैन साध्वियों का हुआ मंगल प्रवेश, समाज जनों ने की भव्य अगवानी



**नीमच।** जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट विकास नगर श्री संघ के तत्वाधान में महावीर जिनालय विकास नगर आराधना भवन नीमच पर चातुर्मास प.पू. सूचिता श्री जी म सा, प.पू.सत्वरेखा श्री जी म सा आदि ठाणा का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 जुलाई 2024 बुधवार को अपार उत्साह के साथ हुआ । प्रवेश का सोमैया जुलूस बुधवार सुबह 8 बजे गाजे बाजे के साथ जैन भवन से प्रारंभ होकर महावीर जिनालय मंदिर पर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ । महिला मंडल की महिलाओं ने लाल पीले परिधानों में कलश सिरोधार्य कर साध्वी वृंद की समुह मेंअगवानी की। मार्ग में स्थान स्थान पर समाज जनों व महिलाओं द्वारा अक्षत गहूली कर साध्वी वृंद से आशीर्वाद ग्रहण किया गया।धर्म सभा के दौरान आचार्य जिनसुंदर सागर जी मसा ने कहा कि साध्वी जी के मार्गदर्शन में विकास नगरवासी भक्ति तपस्या प्रतिक्रमण समय की साधना कर अपने जीवन के कल्याण करने के लिए अग्रसर रहें। चातुर्मास में धन दान कर पुण्य का संग्रह करें तभी जीवन का कल्याण हो सकता है। सागर समुदाय वर्तिनी सरल स्वभावी दीर्घ संयमी प.पू. शील रेखा श्री जी म.सा. की सुशिष्या प.पू.सौम्य रेखा श्री जी म सा की सुशिष्या सुचिता श्री जी मसा ने कहा कि युद्ध के मध्य कौरव और पांडवों में जब युद्ध तय हो गया था तब अर्जुन ने युद्ध में विजय के लिए श्री कृष्ण के सानिध्य को प्राप्त किया। संसार में रहते हुए हमसे अनेक पाप कर्म हो जाते हैं इन पाप कर्मों से बचने के लिए चातुर्मास में भक्ति तपस्या उपवास से जुड़कर हमें अपनी आत्मा का कल्याण करना चाहिए, 1 वर्ष में 8 माह तक साधु संतों के विहार का समय होता है और बरसात के इन चार माह में साधु संत स्थिर्वास रहकर ज्ञान दर्शन चरित्र तप की स्वयं आराधना करते हैं तथा श्रावक -श्राविकाओं को भी प्रेरणा देते हैं। अपनी आत्मा का कल्याण करना है तो 24 घंटे में 24 तीर्थंकरों से प्रेरणा लेकर 24 तपस्या का संकल्प लेना चाहिए तो हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। संयोग से सन भी 2024 ही है।धर्म सभा में महावीर महिला मंडल की हीरामणि स्नेह लता जैन ने गुरुजी आपका स्वागत करें हम... गीत ,तथा पद्मावती बहू मंडल द्वारा स्वागत वंदन गुरु जी आपका करते हैं हम... वीरभक्ति ग्रुप की दीप्ति डोसी द्वारा सांसों की सरगम गाए शुभ स्वागतम.... गीत प्रस्तुत किया गया .। कुमकुम स्थापना मंत्र उपचार के साथ की गई ।साध्वी महाराज साहब को कामली वेरा कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। धर्म सभा में मदन ,संजय, सतश चौधरी ,शैलेंद्र भाई ,परेश भाई ,राजेश जैन चीता खेड़ा, बेटमा, प्रतापगढ़, लिंमडी गुजरात आदि स्थानों से आए समाज के अतिथियों का पगड़ी श्रीफल शाल मोती माला से बहुमान किया गया।

समाज के वरिष्ठ मनोहर सिंह लोढ़ा, प्रेम प्रकाश जैन,जमना लाल नपावलिया, सुशील चंद्र पगारिया, श्री संघ अध्यक्ष राकेश आंचलिया जैन, सचिव राजेंद्र बंबोरिया , आशिष सुराना, राजेश कच्छारा, राहुल जैन, राजमल छाजेड़, मुकेश आंचलिया, वीरेंद्र लोढ़ा, राजेश मानव,सुंदर तातेड, आदि समाज जन उपस्थित थे।इसके बाद पधारे हुए सभी साधर्मिकों की नवकारसी का आयोजन हुआ । समस्त समाज जनों ने बड़ी संख्या में पधारे और धर्म लाभ लेकर एवं जिन शासन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर जावरा के भजन गायक कलाकार मनीष मेहता ने विभिन्न भजन प्रस्तुत किये।

## नवकार सेवा संस्थान ने किया पौधारोपण, पेड़ बनाने लिया संकल्प, 100 पौधे रोपित करने लिया लक्ष्य



**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन के अभियान एक पेड़ मां के नाम और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर बुधवार को नवकार सेवा संस्थान की महिला सदस्यों द्वारा अल्कलाइट कॉलोनी के समीप स्थित रमेश समता भवन के मुख्य मार्ग के दोनों और फलदार छायादार पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा हेतु ट्रिगार्ड भी लगाए गए , साथ ही वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया गया, इस दौरान सेवा संस्थान की महिलाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर करीब सो पौधे लगाने का लक्ष्य भी लिया है नवकार सेवा संस्थान की सचिव भावना कांठेड़ व अध्यक्ष कृष्णा चेलावत ने सयुक्त रूप से जानकारी देते हुवे बताया कि नवकार सेवा संस्थान सेवा के कार्य में अग्रणी है बच्चों के संरक्षण, हरियाली महोत्सव,जीव दया सहित अनेक प्रकल्पों में नवकार सेवा संस्थान की सदस्याएं आगे आकर कार्य करती आई है और निरंतर सेवा के प्रकल्प जारी है इन्ही प्रकल्पों के तहत एक पेड़ मां के नाम और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवकार सेवा संस्थान द्वारा आज फलदार छायादार करीब 11 पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए हैं साथ ही एक कर्मचारी नियुक्त कर उनकी देखरेख की व्यवस्था भी की है और पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प लिया है आने वाले दिनों में संस्था द्वारा शहर के अलग-अलग स्थान पर सो पौधे रोपित करने का लक्ष्य है। इस दौरान सुलभा दुगड़,मंजू मेहता,आशा मेहता,मधु राठौड़,ज्योति कुंजारा,ज्योति मोगरा,संतोष चौहान,सुनिता मेहता,मंजु मेहता,हेमा मोगरा,आशा पीतलिया,सीटू नागौरी,मीना दक,मनीषा कांठेड़,हेमलता मेहता उपाध्यक्ष हेमा,बमबोरिया,सरिता मुणोत,सह सचिव विनिता कांठेड़,सह कोषाध्यक्ष सविता डूंगरवाल मौजूद रहे।

## दो पेटी में शादी कर भागी लूटेरी दुल्हन, आधार कार्ड निकला फर्जी, पांच पर एफआईआर

**मंदसौर।** मंदिर में शादी और तीन दिन शॉपिंग के बाद लुटेरी दुल्हन पति को चकमा देखर फरार हो गई। मामले में नारायणगढ़ थाने में लुटेरी दुल्हन सहित गैंग के पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बूढ़ा निवासी घनश्याम पिता सुरेश पाटीदार निवासी का संपर्क इंदौर की ममता ठाकुर से हुआ था, उसने प्रतिभा और ज्योति नाम की दो लड़कियों से मिलवाया। बताया कि दोनों आपस में बहनें हैं। इस पर 2 लाख देकर प्रतिभा से शादी तय हुई। बताया कि उसके पति की एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है।मंदिर में शादी के बाद लुटेरी दुल्हन ने दो तीन दिन अच्छी रहकर परिजनों का विश्वास हासिल किया। दूल्हे ने उसे शॉपिंग भी करवाई। तीन दिन रहने के बाद लुटेरी दुल्हन घर के बाहर से अचानक गायब हो गई। तलाशने पर पता चला कि दुल्हन साथी के साथ फरार हो गई है। लुटेरी दुल्हन शादीशुदा है और उसका 13 साल का बेटा है। धोखाधड़ी का पता चलने पर नारायणगढ़ पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रतिभा चौधरी निवासी नेहरू नगर इंदौर, ममता ठाकुर निवासी अरविंदो अस्पताल के पास इंदौर, ज्योति निवासी इंदौर, डोली व लक्ष्मीबाई उर्फ रामप्यारी उर्फ सोनू निवासी इंदौर के खिलाफ धोखधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। लुटेरी दुल्हन सहित उसके सभी साथी फरार हैं ।

## महिला के साथ धक्कामुक्की और बेटे के साथ की गई मारपीट के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद नीमच पुलिस की सफाई आई सामने



**नीमच।** के बघाना थाने पर महिला और उसके बेटे के साथ पुलिस की ज्यादती का सीसीटीवी फुटेज आने के बाद नीमच नगर पुलिस अधीक्षक ने भी वीडियो जारी कर मामले पर सफाई देते हुए कार्यवाही की बात कही है।

गत दिवस सोशल मीडिया पर महिला के साथ धक्कामुक्की और बेटे के साथ बघाना थाने के एएसआई द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है।

इस पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया और पुलिस प्रशासन सोचने पर मजबूर हो गया नहीं तो महिला 07 महीने से तो न्याय का चक्कर लगा ही रही थी। जी हां यह मामला है नीमच जिले के बघाना थाने का जहां पर न्याय की गुहार लगाने पहुंची महिला के साथ बघाना थाने पर पदस्थ एएसआई वीरेंद्र सिंह बिसेन ने अभद्रता करते हुए महिला को गाली गलौज करते हुए बीच बचाव करने आए उसके बेटे को धड़ाधड़ एक के बाद एक कई चाटे लगा दिए। और महिला के पुत्र पर 151 का झूठा प्रकरण दर्ज करवा दिया।

इसके बाद महिला ने जनसुनवाई में भी शिकायत की थी। शिकायत के बावजूद भी महिला को इस मामले में कोई न्याय नहीं मिला। ऐसे में बघाना थाने के सीसीटीवी फुटेज ने अपना कमाल दिखाया और अब यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कहीं ना कहीं यह पुलिस की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। आज अगर एक आम व्यक्ति उचित कार्यवाही और न्याय की मांग के लिए थाने के चक्कर काटता है तो उसे या तो गंदी गालियों का सामना करना पड़ता है या फिर झूठे प्रकरण का डर सताता है की कही किसी झूठे केस में ना फंसा दे। हालांकि इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने कार्यवाही करने का वीडियो भी जारी किया।

इसी मामले में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा कार्यवाही की सुचना भी आई है। जिसमे एएसआई वीरेंद्र सिंह बिसेन को थाने से हटा दिया गया है। परंतु इन सब में महिला के मासूम बेटे को 151 की धारा में दर्ज किये गए झूठे प्रकरण की प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

## जयपुर में एक क्लिक से अकाउंट खाली, 3 लाख निकाल- महिला ने कॉल कर भेजा लिंक, मोबाइल पर मैसेज आने पर चला पता

**जयपुर।** जयपुर में साइबर क्रिमिनल के एक क्लिक करवाकर 3 लाख रुपए अकाउंट से निकालकर ठगने का मामला सामने आया है। महिला ने कॉल कर धोखे से क्रेडिट कार्ड बंद करने के लिए लिंक भेजा था। मोबाइल पर मैसेज आने पर अकाउंट खाली होने पर साइबर फ्रॉड का पता चला। मालवीय नगर थाने में पीड़ित ने साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज करवाया है।

ASI जगराम ने बताया- मालवीय नगर के सेक्टर-1 निवासी अमित मल्होत्रा (41) के साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। दोपहर करीब 3 बजे उनके मोबाइल पर एक लड़की का कॉल आया। कॉल करने वाली लड़की ने खुद का नाम स्नेहा शर्मा बताकर इंडसइंड बैंक से बोलना बताया। क्रेडिट कार्ड पर सालाना 2499 रुपए की प्रोटेक्शन मनी लगने की जानकारी दी। लाइफ टाइम फ्री बताकर दिए कार्ड को पीड़ित ने बंद करने के लिए कहा। बैंककर्मी बनकर बात कर रही स्नेहा ने क्रेडिट कार्ड बंद करने के लिए मोबाइल पर एक लिंक शेयर किया। लिंक पर क्लिक करने पर कार्ड डी-एक्टिवेट (बंद) हो जाना बताया। मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक करते ही 2.95 लाख रुपए अकाउंट से निकल गए। मोबाइल पर रुपए निकलने का मैसेज आने पर साइबर फ्रॉड होने का पता चला। मालवीय नगर थाने में पीड़ित ने मोबाइल नंबर के आधार पर शिकायत दर्ज करवाई।

## कांग्रेस कार्यकर्ता जनता जनार्दन के सुख-दुख में भागीदार बनें - अनिल चौरसिया

**कांग्रेस चली गांव गांव - गली गली अभियान जावद विधानसभा में पहुंचा**



**नीमच।** कांग्रेस का कार्यकर्ता यदि कांग्रेस को मध्य प्रदेश में मजबूत बनाना चाहता है तो उसे कठिन परिश्रम, अथक मेहनत और अपने आत्म बल को मजबूत बनाकर जनता जनार्दन के सुख-दुख में भागीदार बनें, तभी वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर पाएगा

उक्त उद्गार नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने जावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरवानिया महाराज में कांग्रेस चली गांव गांव गली गली अभियान का श्री गणेश करते हुए कही।

श्री चौरसिया ने कहा कि हम जावद विधानसभा से बहुत निम्नतम वोटो से हारे हैं किंतु हम सजग रहते तो परिणाम हमारे अनुकूल आ सकते थे हमें दूसरों पर आश्रित नहीं रहना है, वरन हमें जीत का रास्ता स्वयं खोजना है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बृजेश सक्सेना, वरिष्ठ नेता डॉ पृथ्वीसिंह वर्मा ने भी संबोधित किया। सरवानिया महाराज पहुंचने पर सेक्टर अध्यक्ष दिनेश वैद्य, मंडलम अध्यक्ष अशोक राठौड़, रमेश पाटीदार, जिला महामंत्री अभिषेक मालू, राजेश चौहरा, प्रकाश सेन, अकरम भाई, राजू प्रिया, पप्पू टेलर ने स्वागत किया ।

इसके बाद सभी गांव में गली-गली घूमे और कार्यकर्ताओं से चाय पर चर्चा की, उनके हाल-चाल जाना व उन्हें जनता के सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने व उनके दुख दर्द में काम आने की समझाई दी, तभी कांग्रेस जनता में अपनी पैठ बना पाएगी ।

## वार्ड क्रमांक 8 में पार्षद ने दिलाई जलभराव की समस्या से निजात, जेसीबी की सहायता से की निकासी



**नीमच।** बरसात के मौसम में बारिश के पानी व गंदगी से जाम हुए नाले एवं तलैया तथा नीमच सीटी थाना और शासकीय विद्यालय कोठी स्कूल से आने जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले जाम होने के कारण बारिश का पानी खुले मैदान में चारों ओर जल भराव वाले स्थान एवं त्रिमूर्ति नगर तथा तलैया में पानी भरा गया था जिसके कारण क्षेत्र वासियो को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था,जिसपर वार्ड वासियो ने नपा सहित वार्ड पार्षद को समास्या से अवगत कराया। जिसके बाद वार्ड पार्षद व कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भाजपा) के प्रदेश संगठन मंत्री दुर्गा शंकर दंशना ने नपा की जेसीपी मोके पर बुलवाकर कच्ची नालीयो का चोड़ी करण करवाया व सफाई करवाकर जल भराव वाले स्थान पर पानी के निकासी के लिए रास्ता बनवा कर आवागमन वाले मार्ग को दुरुस्त कराया। ओर वार्ड वासियों की समस्या का निराकरण किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद व कल्याण कमलमय समर्थक समिति के प्रदेश संगठन मंत्री दुर्गा शंकर दर्शाना,भाजपा दीनदयाल मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहन यादव, राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहित नरवले, कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वॉलिंटियर भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार व नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीटीसी सीआरपीएफ के सर्वधर्म प्रार्थना स्थल में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हुई मूर्ति स्थापना

**नीमच।** सीटीसी सीआरपीएफ के सर्वधर्म प्रार्थना स्थल में हवन पूजन उपरांत देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई।बुधवार को सीटीसी सीआरपीएफ के सर्वधर्म प्रार्थना स्थल में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा अनुष्ठान का शुभारंभ श्री संदीप दत्ता, प्राचार्य सी टी सी नीमच तथा श्रीमती रजनी दत्ता के करकमलों से हुआ। पंडितजी ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां समर्पित कराई। इसके बाद भगवान राधा कृष्ण व शिक्षा की देवी माता सरस्वती जी की मूर्तियां स्थापित की गई। पंडित जी ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाई , जिसमें श्री राम किशन डीआइजी , वेद प्रकाश कमांडेंट, बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के अन्य अधिकारियों, परिवारजनों ,स्टाफ व ट्रेनीज ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। भजन एवं कीर्तन किए गए ।मूर्ति स्थापना के दौरान मुख्य अतिथि सीटीसी प्रिंसिपल श्री संदीप दत्ता ने कहा कि प्रार्थना स्थल से लोगों की आस्था जुड़ी है। प्रार्थना मे बड़ी शक्ति होती है । हमें सामाजिक समरसता, भाईचारा, जीवदया आदि का संदेश मिलता है। हमें समाज में आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी आगे रहना चाहिए।

## स्कूली शिक्षा को रुचिकर बनाने की अभिनव पहल

**नीमच जिले में सभी सरकारी स्कूलों में टॉपर बोर्ड लगने से विद्यार्थियों में बढ़ा पढ़ाई के प्रति रुझान**



**नीमच।** शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में नीमच जिले में किए गए नवाचार से छात्र-छात्राओं की स्कूल आने में रुचि बढ़ने लगी है । कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ रही है।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं के नाम और उन्हें प्राप्त अंकों के विवरण का उल्लेख करते हुए सभी विद्यालयों में टॉपर बोर्ड लगाए गए हैं। यह टॉपर बोर्ड विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए टॉपर विद्यार्थियों से प्रेरित हो रहे हैं।

अब सरकारी स्कूलों में बढ़ रही है विद्यार्थियों की उपस्थिति और शिक्षा के प्रति रुझान भी बढ़ा है पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं में बढ़ रहा है आत्मविश्वास। सरकारी स्कूल के बच्चों को टॉपर बोर्ड से मिल रही है टॉपर बनने की प्रेरणा।

## एक पेड़ मां के नाम, आरा मशीन संगठन पदाधिकारीयों ने विभिन्न औषधीय पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पौधों को संतान की तरह सिंचाई का लिया संकल्प**

**नीमच।** एक पेड़ मां के नाम आज ग्यारस के शुभ अवसर पर लकड़ी मंडी संघ नीमच व आरा मशीन संगठन नीमच द्वारा 25 पौधे नीम ,पीपल ,आशा पाल, आशापाल सहित विभिन्न पोधे रोडवेज बस स्टैंड से प्राइवेट बस स्टैंड के बीच सड़क किनारे मध्य विभाजक (रोड डिवाइडर) पर लगाए गए ।और सभी दुकानदारों से आव्हान किया कि जिसकी दुकान के सामने जो पौधे लगे हैं वह उसी को चलाने हैं उसकी सुरक्षा और पानी भी उसी को पिलाना है और उसे पौधे को बड़ा करने का दायित्व सौंपा हैं । सभी दुकानदारों ने पौधे की सिंचाई का संकल्प भी लिया। संगठन द्वारा 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा जी चोपड़ा , जिला अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा वरिष्ठ गण मीसाबंदी संघ जिला अध्यक्ष श्याम प्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा ,सचिव संजय शर्मा ,सुरेश शर्मा, दिनेश सुथार, कृष्णा माली, कल्लू भाई ,राकेश शर्मा ,राजू अग्रवाल ,ओम प्रकाशजायसवाल ,अशोक सुथार, पुरुषोत्तम शर्मा, सुनील माली, मुकेश माली, विजय शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक शर्मा, विनोद इरवर आदि दुकानदार क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे।

**SAVE WATER SAVE TREE**

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# कप्तानी से कटा पत्ता तो हार्दिक पांड्या का फिटनेस पर आया पहला रिएक्शन, कहा- यह सफर कठिन



**रोहित शर्मा के टी20 से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पांड्या कप्तानी के पहले दावेदार थे। हालांकि फिटनेस की समस्याओं के चलते सूर्यकुमार इंडियन टीम के अगले टी20 कप्तान होंगे लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है। अब हार्दिक ने अपनी फिटनेस को लेकर पहला रिएक्शन दिया है। सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए एक खास मैसेज लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।**

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की फिटनेस के चलते टी20 में भारतीय टीम का नेतृत्व करने पर ग्रहण लग गया है। रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद सूर्यकुमार को उनकी जगह कप्तान बनाने की खबर है। हालांकि, अभी आधिकारी पुष्टी नहीं हुई है। गौतम गंभीर ने इसको लेकर हरी झंडी दिखा दी है। इस बीच हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर पहला रिएक्शन दिया है।

हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद की है जब हार्दिक चोटिल हो गए थे। वहीं, दूसरी तस्वीर टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद की है। इन दो तस्वीरों में देखा जा सकता है कि हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस पर कितना काम किया है।

**हार्दिक ने लिखा खास मैसेज**

पोस्ट करते हुए हार्दिक ने लिखा, 2023 वर्ल्ड कप में चोट लगने के बाद यह सफर कठिन था, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप में जीत के साथ यह प्रयास सार्थक रहा।

जब तक आप प्रयास करते हैं, रिजल्ट मिलते हैं। कड़ी मेहनत बेकार नहीं जाती। आइए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और अपनी फिटनेस पर काम करें।

**इंजरी से हार्दिक का पुराना रिश्ता**

गौरतलब हो कि हार्दिक पांड्या का और इंजरी का रिश्ता काफी पुराना रहा है। वह कई बार महीनों तक चोट के चलते टीम से बाहर भी रहे हैं।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच हार्दिक चोटिल हो गए थे और बाकी के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए थे। लगभग 4-5 महीने बाद हार्दिक ने आईपीएल 2024 में वापसी की।

**पूरी तरह फिट हैं हार्दिक पांड्या**

हार्दिक पांड्या टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के डिप्टी थे। यही नहीं हार्दिक ने भारत के लिए टी20ढ्ढ के 16 मैच में कप्तानी भी की है।

इसमें से भारत ने 10 मैच जीते हैं। फिलहाल हार्दिक पांड्या पूरी तरह फिट हैं और श्रीलंका दौरे के लिए पूरी तरह फिट भी हैं।

# भूलकर भी न करें ये गलतियां, नहीं तो अटक जाएगी किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

**अगर आप निर्बाध रूप से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का फायदा उठाना चाहते हैं तो भूमि सत्यापन जरूर कराएं। किसान सम्मान निधि का लाभ उठाने के लिए e-KYC होना जरूरी है। पीएम किसान वेबसाइट के अनुसार पीएम किसान में पंजीकृत पात्र किसानों के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य है। नीचे दिए गए मानदंडों को पूरा करके आप साल के 6 हजार रुपये का लाभ उठा सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** PM Modi ने पिछले महीने ही Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi की 17वीं किस्त जारी की थी। कुल 6,000 रुपये की वार्षिक राशि में से, पीएम ने 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 2,000 रुपये की यह किस्त ट्रांसफर की है। अब लोग 18वीं इंस्टॉलमेंट का इंतजार का इंतजार कर कर रहे हैं, जिसे आने वाले महीने में ट्रांसफर किया जाएगा। अपने इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी चीजें के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ध्यान में रखना जरूरी है।

**भूमि सत्यापन है जरूरी**

अगर आप निर्बाध रूप से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का फायदा उठाना चाहते हैं, तो भूमि सत्यापन जरूर कराएं। जिन किसानों ने 17वीं किस्त मिलने के बाद भी भूमि सत्यापन नहीं कराया है, उन्हे अगली इंस्टॉलमेंट में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में बिना विलंभ के इस काम को करा लें।

**e-KYC भी जरूरी**

किसान सम्मान निधि का लाभ उठाने के लिए e-KYC होना जरूरी है। पीएम किसान वेबसाइट के अनुसार, पीएम किसान में पंजीकृत पात्र किसानों के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य है।

पीएम किसान पोर्टल पर ओटीपी आधारित ईकेवाईसी उपलब्ध है। किसान बायोमेट्रिक आधारित ईकेवाईसी के लिए अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर(CSC) से भी संपर्क कर सकते हैं।

**कैसे उठाएं योजना का लाभ**

अगर आप किसान हैं और आपने अभी तक PM Kisan Samman Nidhi के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, तो नीचे दिए गए मानदंडों को पूरा करके आप साल के 6 हजार रुपये का लाभ उठा सकते हैं। इसको लेकर ये नियम हैं-

छोटे और सीमांत किसान PMKSNY के लिए पात्र हैं।

कृषि योग्य भूमि रखने वाले किसान परिवार इस योजना के लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं।

लाभार्थी भारतीय नागरिक होना चाहिए।

# जून तिमाही में दोगुना हुआ पेटीएम का घाटा, रेवेन्यू में भी आई बड़ी गिरावट




**Paytm Qv Result फिनटेक कंपनी पेटीएम ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिये हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि जून तिमाही में कंपनी का नेट लॉस 840 करोड़ रुपये हो गया है। यह मार्च तिमाही की तुलना में बढ़ा है। इसके अलावा कंपनी ने जानकारी दी कि पहली तिमाही में रेवेन्यू में भी गिरावट आई है।**

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी One97 Communications ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिये हैं। कंपनी ने अपने पहली तिमाही के वित्तीय प्रदर्शन की जानकारी दी। पेटीएम ब्रांड ने बताया कि जून तिमाही में कंपनी का नेट लॉस बढ़कर 840 करोड़ रुपये हो गया है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी का कुल घाटा 358.4 करोड़ रुपये था।

**कैसी रही कंपनी की परफॉर्मेंस**

नेट लॉस के साथ कंपनी के रेवेन्यू में भी गिरावट आई है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 33.48 फीसदी गिरकर 1,639.1 करोड़ रुपये रह गया। यह एक साल पहले इसी अवधि में 2,464.2 करोड़ रुपये था। अगर कंपनी के घाटे की बात करें तो सालाना आधार पर कंपनी को 839 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी को 550 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है, जो तिमाही आधार पर 53 फीसदी बढ़ा है।

**RBI के एक्शन का असर**

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया। इस साल 31 जनवरी को आरबीआई द्वारा जारी सर्कुलर में कहा गया था कि 29 फरवरी 2024 के बाद से पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में कस्टमर द्वारा पैसे जमा नहीं किये जा सकते हैं।

इसके अलावा यूजर्स वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में भी पैसे डिपॉजिट नहीं कर सकते हैं। हालांकि, 29 फरवरी 2024 की समयसीमा को बाद में बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया।

**पेटीएम के शेयर का हाल**

तिमाही नतीजों के एलान के बाद कंपनी के शेयर में लगभग 1 फीसदी की तेजी देखने को मिली।

वहीं, अगर शेयर की परफॉर्मेंस की बात करें तो पिछले 1 साल में कंपनी के शेयर 45.93 फीसदी की गिरावट आई है।

खबर लिखते वक्त पेटीएम के शेयर 10.10 रुपये की बढ़त के साथ 455.40 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है।

# पैन कार्ड और आधार में अलग अलग है नाम तो ऑनलाइन ऐसे करवाएं करेक्शन

**पैन कार्ड और आधार कार्ड बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट्स है। इन दोनों का इस्तेमाल कई सरकारी और गैर-सरकारी कामों के लिए किया जाता है। कई लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड नाम गलत होता है या तो आधार कार्ड में सरनेम होता पर पैन कार्ड में सरनेम नहीं होता है। आज हम आपको बताएंगे कि आप ऑनलाइन पैन कार्ड में नाम कैसे ठीक करवा सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** सरकारी काम हो या फिर गैर-सरकारी कामों के लिए कभी न कभी आधार कार्ड या पैन कार्ड की जरूरत पड़ जाती है। यह दोनों डॉक्यूमेंट्स आईडी-प्रूफ के तौर पर काम करती है। अगर इन दोनों दस्तावेजों में दी गई जानकारी में कुछ भी बेमेल होता है तो कई काम अटक सकते हैं।

कई लोगों के पैन कार्ड में नाम आधार कार्ड से अलग होता है। ऐसे में कई बार उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अगर आपके भी पैन में जो नाम प्रिंट है वो आधार कार्ड से अलग है तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे इसे सही कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि आप ऑनलाइन करेक्शन कैसे कर सकते हैं।

**ऑनलाइन कैसे करवाएं करेक्शन**

आपको सबसे पहले इनकम टैक्स इंडिया की ऑफिशियल वेबसाइट (222.incometa&india.gov.in) पर जाना होगा। अब यहां आपको पैन नंबर का इस्तेमाल करके लॉग-इन करना होगा। इसके बाद पैन कार्ड करेक्शन के ऑप्शन को सेलेक्ट करना होगा। अब स्क्रीन पर मांगी गई सभी जानकारी और उससे जुड़े डॉक्यूमेंट्स को अपलोड करना होगा।

इसके बाद फॉर्म सबमिट करने के लिए आपको लगभग 106 रुपये का भुगतान करना होगा जो करेक्शन फीस है। अब फीस भरने के बाद आपको सबमिट करना होगा, जिसके बाद आपको एक रिसिप्ट मिलेगी।

रिसिप्ट पर दिए गए नंबर की मदद से आप ट्रैक कर सकते हैं कि आपका अपडेटेड पैन कार्ड कब तक डिलिवर होगा। आप NSDL e-Gov पोर्टल के जरिये भी पैन कार्ड में करेक्शन करवा सकते हैं।

**ऑफलाइन कैसे करें करेक्शन**

ऑनलाइन के अलावा आप ऑफलाइन भी पैन कार्ड को सही करवा सकते हैं। इसके लिए आपको नजदीकी पैन सुविधा केंद्र जाना होगा। यहां आपको पैन कार्ड में करेक्शन के लिए फॉर्म भरना होगा और जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी अटैच करने होंगे। इसके बाद फॉर्म को जमा कर दें और कुछ दिन में आपके घर में अपडेटेड पैन कार्ड आ जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा के दिन इन बातों का रखें ध्यान, जीवन में आएगी सुख-शांति

**हिंदू धर्म में गुरुओं का एक खास स्थान है। ऐसी मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरुओं की पूजा और उनकी शिक्षा के प्रति आभार व्यक्त करने से जीवन के सभी कष्ट समाप्त होते हैं। इसके साथ ही जीवन का अंधकार दूर होता है। इस साल गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि यानी 21 जुलाई को मनाई जाएगी।**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म के सबसे शुभ त्योहारों में से एक गुरु पूर्णिमा है। इस शुभ दिन लोग अपने गुरुओं की पूजा और उनका सम्मान करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि 21 जुलाई, 2024 दिन रविवार को मनाई जाएगी। ऐसा कहा जाता है कि जो साधक इस अवसर पर गुरु साधना और ध्यान करते हैं, उन्हें सुख और शांति की प्राप्ति होती है।

इसके साथ ही कभी न समाप्त होने वाला ज्ञान प्राप्त होता है। वहीं, इस तिथि पर दान-पुण्य और गंगा स्नान करना भी बहुत शुभ माना जाता है।

**गुरु पूर्णिमा के दिन इन बातों का रखें ध्यान**

गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु को उपहार दें और उनका आशीर्वाद लें।

इस दिन गुरु दक्षिणा देने का भी विधान है।

अपने शिक्षकों, गुरुओं के मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त करें।

अपने गुरुओं से आशीर्वाद लें।

उपवास व संयम का पालन करें।

सत्संग, प्रवचन या किसी आध्यात्मिक सभा में शामिल हों।

इस दिन भूलकर भी अपने गुरुओं का अनादर न करें।

अपने ज्ञान और अहंकार करने से बचें।

अपने गुरुओं और पूर्वजों द्वारा दी गई शिक्षाओं और ज्ञान को याद रखें और उनका सम्मान करें।

अगर आपके जीवन में शिक्षकों के अलावा आपके माता-पिता, आपके जीवनसाथी या आपके दोस्तों ने भी आपको कोई अच्छी सीख दी है, तो उनको भी आभार व्यक्त करें। साथ ही उन्हें सम्मान प्रदान करें।


गुरु पूजन मंत्र

गुं गुरुभ्यो नम॰।

परमतत्वाय नारायणाय गुरुभ्यो नम॰।

वेदाहि गुरु देवाय विद्महे परम गुरुवे धीमहि तन्नौ॰ गुरु॰ प्रचोदयात।

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर॰ गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नम॰।।




# आईटी में खरीदारों से सेंसेक्स पहली बार 81 हजार के पार, साल भर में 80 प्रतिशत बढ़े एलआइसी के शेयर




**सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही और यह 80390.37 अंक के निचले स्तर तक पहुंचा। हालांकि कारोबार के दौरान यह 806 अंक की तेजी के साथ 81522.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आधे दिन के कारोबार के बाद अग्रणी सूचकांकों में मजबूती आई और आइटी शेयरों में नई खरीदारी के कारण वे नए शिखर पर पहुंच गए।**

**मुंबई।** आईटी, तेल व गैस और एफएमसीजी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी की बदौलत घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को नए उच्च स्तर पर जाकर बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 626.91 अंक की वृद्धि के साथ पहली बार 81 हजार के स्तर को पार कर 81,343.46 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

**बाजार की स्थिति**

सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही और यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक पहुंचा। हालांकि, कारोबार के दौरान यह 806 अंक की तेजी के साथ 81,522.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 187.85 अंक की तेजी के साथ 24,800.85 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी में 224.75 अंक तक की तेजी रही।

**एक्सपर्ट की राय**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आधे दिन के कारोबार के बाद अग्रणी सूचकांकों में मजबूती आई और आइटी शेयरों में नई खरीदारी के कारण वे नए शिखर पर पहुंच गए। जून तिमाही में प्रमुख प्रमुख आईटी कंपनियों के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और कमजोर होते रुपये के कारण निवेशकों में इस क्षेत्र के प्रति आशावाद बढ़ा है।

विश्लेषकों का कहना है कि सितंबर में अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से वहां बांड यील्ड में नरमी के कारण भी भारतीय इक्विटी बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह बढ़ा है।

सेंसेक्स में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.33 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं, इन्फोसिस के शेयर 1.93 प्रतिशत बढ़कर बंद हुए।

अंतरबैंक मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपया 83.57 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.55 के उच्च स्तर और 83.66 के निम्न स्तर तक पहुंचा। अंत में यह 83.64 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों को उम्मीद है कि मजबूत अमेरिकी डालर और कमजोर एशियाई व यूरोपीय मुद्राओं के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। अमेरिकी डालर मजबूत हुआ, जबकि ब्रिटेन से निराशाजनक श्रम बाजार आंकड़ों के बीच पाउंड कमजोर हुआ। हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों और विदेशी फंड प्रवाह ने घरेलू यूनिट में गिरावट को कुछ हद तक कम किया।

**एक वर्ष में 80 प्रतिशत बढ़े एलआइसी के शेयर**

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआइसी के शेयरों में बीते एक वर्ष के दौरान करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि रही है। गुरुवार को एनएसई में कंपनी के शेयर 1,109.65 रुपये प्रति यूनिट पर बंद हुए। 18 जुलाई 2023 को कंपनी के शेयर 620 रुपये प्रति इकाई पर थे। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी का राजस्व 8.46 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो 2022-23 के दौरान 7.84 लाख करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी की ने प्रॉफिट भी बढ़कर 40,885 करोड़ रुपये रही है, जो 2022-23 के दौरान 35,997 करोड़ रुपये थी।

# बेहद रहस्यमयी है चित्रकूट की यह गुफा, जहां गायब हो जाती है गोदावरी नदी की जलधार




**चित्रकूट धाम को साधु संतों और ऋषि-मुनियों की नगरी कहा जाता है। इस दिव्य धाम में भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण जी ने अपने वनवास के लगभग 11 साल गुजारे थे जिसके चलते इसका महत्व और भी ज्यादा है। इस स्थान से जुड़े ऐसे कई सारे रहस्य हैं जिनसे हर कोई अंजान है**

**नई दिल्ली।** हिन्दू धर्म में चित्रकूट धाम का विशेष महत्व है। इस जगह पर यात्रा करने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। यह एक ऐसा दिव्य स्थान है, जहां भगवान राम, मां सीता और लक्ष्मण जी ने अपने वनवास के करीब 11 साल गुजारे थे। इसके साथ ही इसी स्थान पर भरत-मिलाप हुआ था। वहीं, इस पवित्र जगह से जुड़े कई ऐसे रहस्य हैं, जिनकी जानकारी आज तक किसी को नहीं हुई है।

**गुप्त गोदावरी नदी का रहस्य**


दरअसल, हम मध्य प्रदेश के चित्रकूट जिले में गोदावरी नदी के उद्गम रहस्य की बात कर रहे हैं, जिसका जल कुछ ही दूर तक भूमिगत गुफा में दिखाई देने के बाद अपने आप गुप्त हो जाता है। बता दें, गुप्त गोदावरी राम घाट से करीब 18 किलोमीटर दूर है। ऐसा कहा जाता है कि जब भक्त दर्शन करने के लिए गुफा से गुजरते हैं, तो उनके घुटनों तक पानी भरा होता है। इस स्थान को लेकर लोगों की काफी मान्यताएं हैं, जो भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

इसके साथ ही उन्हें प्रभु श्रीराम की कृपा प्राप्त होती है।

**चित्रकूट से जुड़े रोचक तथ्य**

चित्रकूट दो शब्दों चित्र और कूट से मिलकर बना है। इसका अर्थ है शिखर या चोटी। चित्रकूट नगरी का सनातन धर्म में एक विशेष स्थान है। यह सभी राम भक्तों के दिल के करीब है, क्योंकि राम जी ने वनवास काल के कुछ वर्ष यहां भी बिताएं थे। इसे संतो की नगरी भी कहा जाता है। इसके अलावा यह चार धाम की तीर्थ यात्रा का अहम पड़ाव माना जाता है। कहते हैं कि इस चमत्कारी स्थान पर यात्रा किए बिना कोई भी तीर्थ यात्रा कभी पूरी नहीं होती है।

# गौतम गंभीर टीम इंडिया का कोच बनने के बाद सुधार रहे हैं सालों पुरानी गलती, पहले ही फैसले में दिख गई झलक



**भारतीय क्रिकेट टीम के साथ गौतम गंभीर का कार्यकाल शुरू हो चुका है। श्रीलंका दौरे के लिए जब सेलेक्शन कमेटी ने टीम चुनी तो गंभीर भी इसमें शामिल रहे और टीम सेलेक्शन में गंभीर के फैसलों की झलक भी दिखी। गंभीर अपनी सालों पुरानी एक गलती सुधारते नजर आ रहे हैं। गंभीर वो काम करने की कोशिश कर रहे हैं जो कप्तान रहते नहीं कर पाए।**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए श्रीलंका दौरा एक नई शुरुआत होगा। इस दौरे पर नए हेड कोच गौतम गंभीर अपने काम की शुरुआत करेंगे। श्रीलंका दौरे के लिए सेलेक्शन कमेटी ने टी20 और वनडे टीमों का एलान भी कर दिया है और इसमें गंभीर की सोच साफ नजर आ रही है। वह भविष्य की तैयारी कर रहे हैं जिसकी बुनियाद नए और युवा चेहरे हैं। गंभीर साथ ही अपनी एक पुरानी गलती भी सुधारते नजर आ रहे हैं।

आगे बढ़ें, उससे पहले बता दें कि श्रीलंका दौरे पर भारत को तीन मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। भारत ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप-2024 का खिताब जीता था। इसके बाद रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने टी20 को अलविदा कह दिया। टीम को अब इनके विकल्प की खोज है और टी20 के कप्तान के तौर पर सूर्यकुमार यादव को जिम्मेदारी सौंप एक खाली जगह तो भर दी गई है।

**गंभीर का पछतावा**

गंभीर आईपीएल में काफी सफल रहे हैं। बतौर कप्तान और बतौर कोच/मेंटर भी। उन्हीं के कप्तान रहते कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो बार आईपीएल जीता। इसके बाद आईपीएल-2024 में वह कोलकाता के साथ बतौर मेंटर बनकर लौटे और फिर कोलकाता तीसरा खिताब जीतने में सफल रही। गंभीर साल 2011 से 2017 तक टीम के कप्तान रहे। इस दौरान गंभीर को एक बात का पछतावा रहा था। ये बात गंभीर ने आईपीएल-2024 के दौरान कही थी। गंभीर ने स्पोर्ट्सकीडा से बात करते हुए कहा था कि उन्हें केकेआर के कप्तान के तौर पर एक ही पछतावा रहा है और वो ये है कि वह सूर्यकुमार यादव के टैलेंट का अच्छे से इस्तेमाल नहीं कर पाए।

सूर्यकुमार 2014 में मुंबई इंडियंस से कोलकाता आ गए थे। वह टीम के उप-कप्तान भी रहे लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। इसी बात का पछतावा गंभीर को है कि वह उस समय सूर्यकुमार की प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पाए।

गंभीर का मानना था कि सूर्यकुमार टी20 के बहुत बड़े खिलाड़ी हैं और इस फॉर्मेट में सफल होने के लिए उनके पास हर जरूरी काबिलियत है। 2018 में वह फिर मुंबई इंडियंस चले गए।

**बना दिया कप्तान**

गौतम गंभीर का नाम जब से टीम इंडिया के हेड कोच के तौर पर खबरों में आया था तब से ही ये कयास लगाए जाने लगे थे कि सूर्यकुमार यादव को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि, वह टी20 टीम के कप्तान बन जाएंगे ये किसी ने नहीं सोचा था। इस रेस में हार्दिक पांड्या आग थे। लेकिन सूर्यकुमार ने पांड्या को पीछे कर दिया। गंभीर कप्तान के तौर पर जो काम नहीं कर पाए वो काम अब कोच के तौर पर करना चाहेंगे। यानी टी20 में सूर्यकुमार का टैलेंट का पूरा इस्तेमाल।

# एसबीआई की चार स्पेशल स्कीम से आप भी बन जाएंगे अमीर

**नई दिल्ली।** एफडी (Fi&ed Deposit-FD) सिक्योर निवेश के लिए लोगों की पहली पसंद हैं। वहीं कई लोगों को लगता है कि एफडी में निवेश करके वह मोटा फंड जमा नहीं कर सकते हैं, जबकि, ऐसा नहीं है।

आज हम आपको पब्लिक सेक्टर के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (State Bank of India - SBI) के कुछ एफडी स्कीम के बारे में बताएंगे जिसमें निवेश करके आप मोटा फंड जमा कर पाएंगे।

एसबीआई अमृत कलश एफडी स्कीम

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अमृत कलश योजना स्पेशल स्न्रष्ठ स्कीम शुरू की है। इस स्कीम में निवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2024 है। इस एफडी का टेन्योर 400 दिन का होता है और इसमें ग्राहक को 7.10 फीसदी का ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम में गारंटी ब्याज मिलता है और निवेशक तिमाही, मासिक या छमाही इंटरेस्ट पेमेंट में से कोई भी एक ऑप्शन सेलेक्ट कर सकते हैं। अगर इस स्कीम में मैच्योरिटी से पहले निकासी की जाती है तब 0.5 फीसदी से 1 फीसदी तक का ब्याज काट लिया जाता है।

मैच्योरिटी टेन्योर- 400 दिन

ब्याज दर- 7.10 फीसदी

एसबीआई वीकेयर एफडी स्कीम

एसबीआई की वीकेयर एफडी स्कीम भी काफी पॉपुलर है। इसमें हाई इंटरेस्ट रेट ऑफर किया जाता है। इस स्कीम में सीनियर सिटिजन को 0.5 फीसदी का अतिरिक्त ब्याज मिलता है।

वर्तमान में एफडी स्कीम में निवेशक को 7.50 फीसदी का ब्याज मिल रहा है। इस एफडी स्कीम में न्यूनतम 5 साल और अधिकतम 10 साल तक निवेश किया जाता है।

**मैच्योरिटी टेन्योर- 5 साल से 10 साल**

**इंटरेस्ट रेट- 7.50 फीसदी**

एसबीआई' अमृत वृष्टि' एफडी स्कीम

भारतीय स्टेट बैंक 'अमृत वृष्टि' एफडी स्कीम लागू हो चुकी है। इस स्कीम का टेन्योर 444 दिन है। वर्तमान में बैंक 7.25 फीसदी का ब्याज ऑफर कर रही है। इस स्कीम में भी सीनियर सिटिजन तो 0.50 फीसदी का अतिरिक्त ब्याज का लाभ मिलता है। इस एफडी स्कीम में अधिकतम 3 करोड़ रुपये का निवेश किया जा सकता है।

**मैच्योरिटी टेन्योर- 444 दिन**

**ब्याज दर- 7.25 फीसदी**

**अधिकतम निवेश- 3 करोड़ रुपये**

एसबीआई सर्वोत्तम एफडी स्कीम

एसबीआई सर्वोत्तम एफडी स्कीम में कई सरकारी योजना की तुलना में ज्यादा ब्याज मिलता है। इस स्कीम की खासियत है कि यह केवल 1 या 2 साल की स्कीम है। इसका मतलब है कि कम समय में मोटा फंड जमा करने के लिए यह स्कीम बहुत अच्छी है। इस स्कीम में ग्राहक को 7.4 फीसदी का ब्याज मिलता है। वहीं, सीनियर सिटिजन को 7.60 फीसदी का ब्याज ऑफर होता है।

# टीनएजर्स का फोकस और मेंटल ग्रोथ प्रभावित करता है इंटरनेट, जानें ब्रेन हेल्थ पर इसके हानिकारक प्रभाव




**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। यही वजह है कि हम 24 घंटे विभिन्न तकनीकों से घिरे रहते हैं। मोबाइल और इंटरनेट तकनीक के ऐसे ही दो नमूने हैं, जिनके इर्द-गिर्द हम अपना ज्यादातर समय बिताते हैं। इन दिनों छोटे बच्चे से लेकर टीनएजर तक, सभी सोशल मीडिया और सोशल नेटवर्किंग साइट्स के एडिक्ट हो चुके हैं। इंटरनेट की यह लत पेरेंट्स के लिए एक बड़ा चैलेंज बनती जा रही है। खासकर टीनएजर्स के साथ इसे डील करना काफी मुश्किल होता है।

उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे कई प्रकार के हार्मोनल परिवर्तन से गुजर रहे होते हैं। ऐसे में किसी भी तरह की सख्ती और रोकटोक उन्हें आक्रामक या बागी बना सकती है। चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार आज के समय में टीन इंटरनेट एडिक्शन पेरेंट्स के लिए किसी ड्रग एडिक्शन से भी खतरनाक है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में जानेंगे कैसे आपके बच्चे के दिमाग पर असर डालती है इंटरनेट की लत और कैसे करें इसे मैनेज-

**इंटरनेट के ब्रेन पर हानिकारक प्रभाव**

चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक टीनएजर एक दिन में लगभग 4.4 घंटे इंटरनेट पर बिताते हैं।

इस दौरान एक से दो घंटे तक इंटरनेट के इस्तेमाल का सेहत पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन अगर इससे ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए, तो इससे सेहत पर कई रूप में नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं।

**फोकस कम करता है इंटरनेट**

[illegible] मेंटल हेल्थ में पब्लिश एक रिव्यू के अनुसार 10 से 19 साल के टीनएजर पर साल 2019 से 2023 तक एक शोध किया गया, जिसमें ज्यादा इंटरनेट के इस्तेमाल से टीनएजर के ब्रेन फंक्शन में कई बदलाव पाए गए। इस शोध में सामने आए डाटा से इनकी तुलना इंटरनेट एडिक्शन न होने वाले टीनएजर के ब्रेन से की गई और पाया गया कि इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले लोगों के फोकस और काम करने की क्षमता, बौद्धिक विकास और मानसिक स्वास्थ्य में कमी पाई गई।

**टीनएजर पर इंटरनेट के अन्य प्रभाव**

काम को आसान बनाने के लिए ईजाद हुए इंटरनेट के अपने कई फायदे हैं, लेकिन एक टीनएजर के लिए इसका ज्यादा इस्तेमाल उनके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इंटरनेट एडिक्शन की वजह से कई बार टीनएजर साइबर बुलिंग का शिकार भी होते हैं। साथ ही सोशल मीडिया की चकाचौंध भरी जिंदगी देखकर वह अपने जीवन में कमियां तलाशने लगते हैं। इसके अलावा इंटरनेट एडिक्शन से टीनएजर की एकेडमिक परफॉर्मेंस भी प्रभावित होती है।

लगातार सोशल मीडिया या गेम्स में अपना समय बिताने की वजह से वह खाना, पीना, सोना, खेलना और पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते हैं।

इसके अलावा देर रात तक मोबाइल फोन स्क्रोल करने से उनकी नींद भी प्रभावित होती है, जिससे ये हर समय थका हुआ और कंफ्यूजन महसूस रहते हैं। साथ ही किसी क्रिएटिव और मेंटल वर्कआउट वाले काम में इनका मन बिल्कुल भी नहीं लगता है। इंटरनेट की इस लत की वजह से इन दिनों टीनएजर्स की लाइफस्टाइल काफी इनएक्टिव हो गई है, जिससे वह आलसी और लोगों से कटने लगे हैं।

बच्चों के इंटरनेश एडिक्शन से इन तरीकों से निपटें

बच्चों की स्क्रीन टाइम लिमिट में रखने की आदत डालें।

बच्चे की जिद के आगे खुद को हारा हुआ न महसूस करें।

बच्चों से बात करते रहें और अकेला महसूस न होने दें।

बच्चों को गेम की लत से बचाएं और आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें।

इंटरनेट ऑन ऑफ करने का नियम बनाएं और बच्चे से पहले खुद भी इस नियम का पालन करें, ताकि आपको देख कर वह मोटिवेट हो और इस इंटरनेट एडिक्शन से बच सके।

# बीमारी के बाद डिप्रेशन बन सकता है बड़ी समस्या, इन ट्रिक्स से बूस्ट करें अपना मूड

**किसी भी बीमारी की वजह से सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में अक्सर बीमारी तो ठीक हो जाती है लेकिन इसकी वजह से कई लोग Depression का शिकार हो जाते हैं। डिप्रेशन की वजह से कई बार मन में सुसाइड के ख्याल भी आने लगते हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को अपनाकर इससे डील कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** बीमारी किसी भी प्रकार की हो, उससे जूझना और फिर रिकवर होना एक बेहद दुखद और कठिन समय होता है। ऐसे में इससे उबरने के बाद एक ऐसा समय आ सकता है, जब आपको लगता है कि आपकी बीमारी तो ठीक हो गई है, लेकिन फिर भी आपका मन और दिमाग उलझन में है।

आपके अंदर एक असुरक्षा की भावना घर कर जाती है, जिसकी वजह से रातों की नींद तक उड़ जाती है। यह एक तरह की डिप्रेशन की भावना होती है।

डिप्रेशन आपको यह बताता है कि आपको एक रेस्टिंग कुशन की जरूरत है, जहां आप सुकून से लेट सकें, लेकिन ऐसा कुशन आपको कहीं मिलता नहीं है। आप अकेले ही अपने दिमाग में एक लड़ाई लड़ते हैं और आपका दिमाग आपको कहता है कि बस अब और नहीं! इससे निपटने के पहले जानते हैं क्यों होता है बीमारी के बाद डिप्रेशन-

**बीमारी के बाद डिप्रेशन के कारण-**

हम इस ख्याल से खुद को रोज मारते हैं कि हमने अपनी अच्छी सेहत, फ्री लाइफ, दर्द से दूर एक अच्छे जीवन को हल्के में लिया और समय रहते इसे महत्व नहीं दिया और सेहत का ख्याल नहीं रखा, जिससे हम बीमार पड़े।

बीमारी से होने वाले लक्षण आपको हर समय एक भय और असुरक्षा की भावना से घेरे रहते हैं।

डर, गिल्ट, शर्म, ब्लेम, ओवरथिंकिंग और मूड स्विंग के कारण आप खुद को हर गलती के लिए जिम्मेदार मानते हैं और ये भावना चरम पर जाने पर सुसाइड के ख्याल भी आने लगते हैं।

कुछ बीमारी की दवाइयों के साइड इफेक्ट्स के कारण भी थकान, लो एनर्जी, चिड़चिड़ापन और उलझन महसूस हो सकती है, जो धीरे धीरे डिप्रेशन में तब्दील हो जाती है।

**बीमारी के बाद होने वाले डिप्रेशन से ऐसे डील करें-**

डिप्रेशन की जल्दी पहचान ही इसका सही इलाज है। इसलिए इसके लक्षण पहचानें और समय रहते एक्सपर्ट से मदद लें।

साइकोथेरेपी में किसी लाइसेंस्ड प्रोफेशनल से बात कर के आप अपने व्यवहार और उन भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख सकते हैं, जिनसे डिप्रेशन ट्रिगर होता है।

कुछ मामलों में डिप्रेशन बीमारी के लक्षणों पर भी निर्भर करता है। जिस बीमारी के कारण डिप्रेशन हुआ है, उस बीमारी का कोई खास इलाज या प्रोटोकॉल है, तो उसे

बिना लापरवाही किए फॉलो करें, जिससे बीमारी के किसी लक्षण से डिप्रेशन ट्रिगर न हो।

अगर जरूरत हो, तो डॉक्टर के निर्देश पर एंटी-डिप्रेसेंट लें।

मेडिटेशन और ध्यान भी एक बढ़िया विकल्प है।

# अभिषेक बच्चन ने इंस्टा पर लाइक की तलाक वाली पोस्ट, ऐश्वर्या राय से अलग होने की खबर को मिला जोर



**ऐश्वर्या राय बच्चन ने अनंत और राधिका की शादी में बेटी आराध्या के साथ अकेले ही हिस्सा लिया था। वेडिंग में उनका अकेले आना भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया था। कुछ समय से ये भी अफवाहें थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच कुछ मतभेद चल रहे हैं। वहीं अब अभिषेक बच्चन की सोशल मीडिया एक्टिविटी ने मतभेद की अफवाहों को और बढ़ा दिया है।**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन हमेशा से ही सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में, एक बार फिर ये जोड़ी चर्चा का विषय बन गई है। अभिषेक बच्चन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को लाइक किया, जिसमें तलाक का जिक्र था। सोशल मीडिया पर एक्टर की ये एक्टिविटी तब सामने आई जब ऐश्वर्या राय ने बिजनेसमैन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में बच्चन परिवार से दूर अकेले शिरकत की थी। ऐश्वर्या राय और बच्चन फैमिली के बीच अनबन की अफवाहें पिछले काफी लंबे वक्त से उड़ रही है।

वहीं, अब अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या के अलगाव की भी अफवाह उड़ने लगी है, जिसे हवा तब मिल गई जब अभिषेक और ऐश्वर्या अंबानी वेडिंग में अलग- अलग पहुंचे थे।

**तलाक पर अभिषेक का रिएक्शन**

अभिषेक बच्चन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर तलाक से जुड़ा एक पोस्ट लाइक किया, जो अब सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच रहा है।

पोस्ट में लिखा है, जब प्यार आसान नहीं रह जाता... जो कपल लंबे समय से शादीशुदा हैं, वो एक- दूसरे से अलग होने लगते हैं। उनके इस फैसले की वजह क्या है और ग्रे तलाक क्यों बढ़ रहे हैं?


**ग्रे डिवोर्स के बारे में है पोस्ट**

पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, तलाक किसी के लिए भी आसान नहीं होता। कौन हमेशा खुश रहने का सपना नहीं देखता या सड़क पार करते समय हाथ थामे बुजुर्ग जोड़ों के दिल को छू लेने वाले वीडियो को फिर से बनाने की कल्पना नहीं करता...? पोस्ट के अंत में लिखा है, संयोग से, ग्रे तलाक या सिल्वर स्प्लिटर्स - आमतौर पर 50 साल की उम्र के बाद शादी से बाहर निकलने की चाह रखने वालों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द - दुनियाभर में बढ़ रहे हैं। कारण, हालांकि अलग-अलग हैं, लेकिन आश्चर्यजनक नहीं हैं।

**सोशल मीडिया रिएक्शन**

अभिषेक बच्चन का यह लाइक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस और फॉलोअर्स इस पर रिएक्ट कर रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि ये एक सामान्य लाइक हो सकता है, जबकि कुछ इसे अभिषेक और ऐश्वर्या के रिश्ते में आई दरार के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

# जवान डायरेक्टर एटली ने अनंत अंबानी की शादी के लिए डायरेक्ट की एक स्पेशल फिल्म, अमिताभ बच्चन ने दी अपनी आवाज





**अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट बीते 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंध गए। इस ग्रैंड वेडिंग में कई नेता अभिनेता से लेकर हॉलीवुड हस्तियां भी शामिल हुईं। यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया भी हिस्सा रहे। अब इस ग्रैंड वेडिंग को लेकर कई सारे अपडेट आ रहे हैं। खबक है कि डायरेक्टर एटली ने इस पर एक फिल्म बनाई है।**

**नई दिल्ली।** जवान के डायरेक्टर एटली अंबानी के लगभग सभी फंक्शन्स का हिस्सा थे। हाल ही में जामनगर पहुंचने पर अनंत और राधिका का बड़े ही भव्य तरीके से स्वागत हुआ। अब इस ग्रैंड शादी से जुड़ी कई अन्य जानकारियां सामने आ रही हैं। खबर आ रही है कि एटली ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के लिए एक 10 मिनट की विशेष एनिमेटेड फिल्म बनाई है। इस फिल्म को शुभ आशीर्वाद सेरेमनी के दौरान दिखाया गया।

**बिग बी ने दी अपनी आवाज**

कई अंबानी उत्सवों का हिस्सा रहे यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने अपने पॉडकास्ट में इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें अमिताभ बच्चन ने अपनी आवाज दी है। रणवीर अल्लाहबादिया,जो अपने यूट्यूब चैनल द बीयर बाइसेप्स के नाम से लोकप्रिय हैं उन्होंने अमेरिकन कॉमेडियन और एक्टर आकाश सिंह के साथ एक पॉडकास्ट में अंबानी की शादी के बारे में अपना अनुभव शेयर किया।

**बनाई गई 10 मिनट की फिल्म**

बारात के बारे में बात करते हुए रणवीर ने कहा,शादी के दूसरे दिन एटली ने शादी के मेहमानों के लिए 10 मिनट की एक फिल्म जारी की थी। एटली ने इसे डायरेक्ट किया था और यह एक एनिमेटेड फिल्म थी। अमिताभ बच्चन ने वॉयसओवर दिया था। यह एक माइक्रो-मूवी थी।

**कैसी थी अनंत की बारात**

रणवीर ने आगे बताया कि बारात के पूरे रास्ते में छोटे-छोटे स्टेशन बनाए गए थे। हर स्टेशन पर एक म्यूजिक सुपरस्टार था।

एक नॉर्मल वेडिंग में आप पूरे क्रू के साथ डेस्टिनेशन पर पहुंचते हैं लेकिन यहां पर क्रू हर एक स्टेशन पर रुक रहा था और वहां पर एक मिन कंसर्ट रखा गया था। हर कोई यहां पर वाइब कर रहा था।

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को हुई थी। इसके बाद दो रिसेप्शन दिए गए। इस शादी में राजनेताओं और प्रभावशाली लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड,हॉलीवुड और खेल जगत के कई दिग्गजों को आमंत्रित किया गया था।

# अनिद्रा और स्ट्रेस से रहना है दूर, तो किताबों से कर लें दोस्ती

**पढ़ना एक बहुत ही अच्छी आदत है। इस आदत को अपने रूटीन में शामिल कर आप कई सारे फायदे पा सकते हैं। नींद न आने की समस्या से जूझ रहे हैं या फिर तनाव से इन सभी में थेरेपी की तरह काम करती है पढ़ने की आदत तो इस आदत को अपने रूटीन में शामिल कर पा सकते हैं एक साथ कई सारे लाभ।**

**नई दिल्ली।** डिजिटल युग में मनोरंजन से लेकर पढ़ने तक के लिए अब मैगजीन या किताबों का नहीं, बल्कि स्क्रीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। किताबों का इस्तेमाल तो लगभग ना के बराबर हो गया है, लेकिन आपको बता दें कि किताबें सिर्फ नॉलेज बढ़ाने का ही काम नहीं करती, बल्कि इनसे और भी कई तरह के फायदे मिलते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ फायदों के बारे में।

**दिमाग होता है शॉर्प**

जिस तरह हेल्दी व बैलेंस डाइट इम्युनिटी बढ़ाती है, वर्कआउट करने से मसल्स बनती है, वैसे ही किताबें पढ़ने से दिमाग चुस्त-दुरुस्त रहता है। बढ़ती उम्र के साथ दिमाग के सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ता है, लेकिन अगर आप किताबें पढ़ते हैं, तो इससे आप बुढ़ापे में भूलने की बीमारी की परेशानियों से काफी हद तक बचे रह सकते हैं।

**संवेदनशीलता बढ़ती है**

किताबें पढ़ने से कई बार आप चीजों से इस तरह कनेक्ट हो जाते हैं कि वो सिचुएशन फील करने लगते हैं। इससे आपके अंदर उदारता, विनम्रता, प्यार और अपनेपन की भावना बढ़ती है। किताब न पढ़ने वालों की तुलना में किताब पढ़ने वाले लोग नॉलेज तो रखते ही हैं, साथ ही स्वभाव में भी काफी शांत होते हैं।

**आती है अच्छी नींद**

आजकल की भागदौड़ और स्ट्रेस भरी जिंदगी ने ज्यादातर लोगों की नींदें उड़ा रखी हैं। इसकी एक दूसरी वजह देर रात तक मोबाइल का इस्तेमाल भी है। एक्सपर्ट बताते हैं कि मोबाइल से निकलने वाली नीली रोशनी दिमाग को एक्टिव करने का काम करती है, जो नींद में बाधा बन सकती है। वहीं दूसरी ओर किताबें माइंड को रिलैक्स करती हैं, जिससे कुछ ही देर में नींद आने लगती है।

कई सारी रिसर्च भी बताती है कि किताबें पढ़ने से स्ट्रेस दूर होता है।

**रोजाना पढ़ने की आदत कैसे डेवलप करें**


अकसर पेरेंट्स शिकायत करते हैं कि उनके बच्चे किताबों से दूर भागते हैं, तो उनकी इस आदत के लिए डिजिटल क्रांति नहीं, बल्कि आप भी दोषी हैं, क्योंकि आपने उन्हें बचपन में पढ़ने की आदत नहीं डाली। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि जितनी कम उम्र में बच्चों को किताब थमाएंगे, उतना ही उनके लिए अच्छा होगा।

बच्चों में पढ़ने की आदत डेवलप करने के लिए आप भी उनके साथ कुछ देर किताबें पढ़ें।

बच्चे अपने माता-पिता को ही देखकर सीखते हैं, तो इससे डेफिनेटली वो प्रेरित होंगे।

पढ़ने की शुरुआत हल्की-फुल्की कहानियां, कविताओं या जिसमें भी आपकी रूचि है उन किताबों से करें। एक बार जब ये रूटीन में आ जाएं, तब दूसरे टॉपिक्स को एक्सप्लोर करें। निरंतरता जरूरी है। इसके लिए एक टाइम सेट कर लें और उस टाइम जब तक कोई जरूरी काम न हो, पढ़ना स्किप न करें। बैग में हमेशा एक किताब रखें। यात्रा के दौरान या खाली समय में मोबाइल चलाने के बजाय किताब पढ़ सकते हैं। अपना डेली टारगेट सेट करें कि रोजाना किताब के 20 से 25 पन्ने खत्म करने ही करने हैं। इससे लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा में पढ़ने का उत्साह बढ़ेगा। बर्थडे, एनिवर्सरी में गिफ्ट में बुके, चॉकलेट देने के बजाय किताबें दें। अपने साथ दूसरों को भी ये अच्छी आदत डालें।

# Humidity बन सकती है कई परेशानियों का घर, इन तरीकों से करें नमी को कंट्रोल




**नई दिल्ली।** मई-जून के महीने में तपती धरती पर जब बारिश की बूंदें पड़ती हैं, तो इससे जमीन से गर्म भाप निकलती है, जिससे वातावरण में नमी आ जाती है और इसी वजह से उमस बढ़ जाती है। उमस के चलते गर्मी तो लगती ही है, साथ ही पसीना भी बहुत ज्यादा निकलता है। कई बार तो इससे अजीब सी इरीटेशन होने लगती है। ऐसे मौसम में कई तरह की बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। घर में लगातार बनी रहने वाली नमी सांस से जुड़ी समस्याओं की भी वजह बन सकती है। हालांकि घर की नमी को कंट्रोल करने में कुछ उपाय हो सकते हैं बेहद मददगार।

**नमी दूर करने के उपाय**

**1. घर में डीह्यूमिडिफायर लगाएं**

घर के अंदर की नमी को दूर करने के लिए मानसून में डीह्यूमिडिफायर का इस्?तेमाल करें। यह एक छोटी सी मशीन होती है, जो हवा में मौजूद नमी को सोखने का काम करती है।

**2. पौधे लगाएं**

कुछ खास तरह के पौधे भी हवा में मौजूद नमी को सोखने को काम करते हैं। इसमें इंग्लिश आईवी से लेकर बैंबू पाम, पीस लिली, स्पाइडर, बर्ड नेस्ट फर्न जैसे कई और दूसरी प्लांट्स भी शामिल हैं। ये सभी इंडोर प्लांट्स हैं, जो घर को खूबसूरत बनाने के साथ वातावरण को भी साफ और स्वच्छ रखते हैं। सबसे अच्छी बात कि इन प्लांट्स को बहुत ही कम देखभाल की जरूरत होती है।

**3. एग्जॉस्ट फैन लगवाएं**

रसोई और बाथरूम में सबसे ज्यादा ह्यूमिडिटी का एहसास होता है और ह्यूमिडिटी से बैक्टीरियल ग्रोथ का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इन दो जगहों को खासतौर से सूखा रखें एग्जॉस्ट फैन की मदद से।

**4. धूप और रोशनी की व्यवस्था**

ह्यूमिडिटी के असर को कम करने के लिए बारिश के बाद जब धूप निकले, तो घर के खिड़की- दरवाजे कुछ समय के लिए खोल दें। धूप और रोशनी के आवागमन से नमी दूर है, जिससे कई तरह के बैक्टीरिया का खतरा भी कम होता है।

# मैं अकेली और डरी हुई थी, बॉलीवुड में सफल करियर छोड़ हॉलीवुड में संघर्ष करने पर छलका प्रियंका चोपड़ाका दर्द



**प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड में अपना बसा- बसाया करियर छोड़ हॉलीवुड की ओर रुख किया। रिजेक्शन के बावजूद एक्ट्रेस ने लगातार संघर्ष किया और आज हॉलीवुड में एक सफल और प्रतिष्ठित अदाकारा के रूप में जानी जाती हैं। हालांकि ये सफर उनके लिए आसान नहीं था। अपने देश से दूर अलग कल्चर में बसने का दौर एक्ट्रेस के लिए बेहद कठिन था।**

**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा आज हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों में ही अपनी पहचान बना चुकी हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने हॉलीवुड करियर के शुरुआती दिनों के संघर्ष को याद किया। एक इंटरव्यू में, प्रियंका ने बताया कि हॉलीवुड में कदम रखते समय उन्होंने किस तरह की चुनौतियों का सामना किया और उस दौर में उन्होंने खुद कैसे संभाला।

**हॉलीवुड में शुरुआती संघर्ष**

प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि जब उन्होंने हॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की, तो वे अकेली और अलग-थलग महसूस करती थीं। उस समय उनके लिए नए माहौल और नई संस्कृति के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल हो रहा था। कैवनाग जेम्स के पॉडकास्ट रीज द रूम में एक्ट्रेस ने कहा, ये एक डार्क फेज था। मैं एक नई जगह पर थी, जहां कोई मेरा दोस्त नहीं था।

**अकेली और डरी हुई थीं प्रियंका**

प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्होंने मानसिक और भावनात्मक रूप से बहुत कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने कहा, मैं एक अंजान इंडस्ट्री में थी, ऐसे लोगों के बीच थी, जिन्हें मैं जानती नहीं थी और ऐसे दोस्त नहीं थे जिन्हें मैं सुबह के 2 बजे कॉल कर सकूं।

इस तरह का सपोर्ट जरूरी होता है। मैं बहुत अकेली और डरी हुई थी। न्यूयॉर्क जैसे शहर में रहना अपने आप में मुश्किल चीज है, इसने मेरी जिंदगी के उस दौर को और डार्क बना दिया था।

**रिजेक्शन से खुद को निकाला बाहर**

प्रियंका चोपड़ा ने ये भी बताया कि उन्होंने हॉलीवुड में काफी रिजेक्शन झेला था, लेकिन इससे उन्हें विनम्र बनने में मदद मिली। एक्ट्रेस ने कहा, ये आपको हंबल बनाता है। मैंने तय किया कि मैं रिजेक्शन से खुद को उदास नहीं होने दूंगी या फिर इसे बंद दरवाजे की तरह नहीं देखूंगी। बल्कि मैंने एक नया रास्ता बनाया, अपना सिर झुकाया किया और काम किया। मैं अपने साथ बॉलीवुड में लीड हीरोइन होने का घमंड लेकर नहीं चल रही थी। इस सोच ने मुझे उस मुकाम पर पहुंचने में मदद की जहां आज मैं हूं।

# सेहत के साथ आपकी स्किन को भी खराब कर सकती हैं रोजमर्रा की ये आदतें

**नई दिल्ली।** हमारी कुछ रोजमर्रा की आदतें सिर्फ सेहत को ही खराब करने का काम नहीं करती, बल्कि स्किन पर भी इनका बुरा असर पड़ता है, जैसे- पानी कम पीना, कम सोना, बहुत ज्यादा गैजेट्स का इस्तेमाल करना आदि। इनका असर ऐसा होता है कि ये आपके चेहरे का ग्लो छीन सकते हैं और आपको वक्त से पहले बूढ़ा बना सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ आदतों के बारे में।

**बहुत ज्यादा स्क्रबिंग**

हफ्ते में एक बार चेहरे की स्क्रबिंग काफी होती है। जरूरत से ज्यादा स्क्रबिंग करने से त्वचा पर मौजूद नेचुरल ऑयल्स वॉश आउट हो जाते हैं। चेहरे पर रैशेज की प्रॉब्लम हो सकती है। इतना ही नहीं चेहरा वक्त से पहले बूढ़ा और थका हुआ नजर आता है। मोटे ग्रेन्यूल्स वाले स्क्रब का तो बिल्कुल भी इस्तेमाल न करें।

**सनस्क्रीन न लगाना**

यूवी किरणों के बहुत ज्यादा एक्सपोजर से त्वचा समय से पहले बूढ़ी होने लगती है। साथ ही झाइयों की भी दिक्कत हो सकती है। अगर आप इन समस्याओं से बचे रहना चाहती हैं, तो गर्मी हो या सर्दी या फिर मानसून सनस्क्रीन लगाना बिल्कुल न भूलें।

**नींद और सोने की पोजिशन**

स्वस्थ शरीर और स्किन के लिए 7 से 8 घंटे की नींद को जरूरी माना जाता है। दरअसल सोते वक्त हमारे सेल्स स्किन को रिपेयर करने का काम करते हैं। इसलिए सोकर उठने के बाद त्वचा फ्रेश नजर आती है। नींद पूरी होने से झुर्रियों और फाइन लाइन्स की भी प्रॉब्लम नहीं होती। देर रात तक मोबाइल या लैपटॉप चलाने, औंधे मुंह सोने से भी स्किन की हेल्थ पर असर पड़ता है।

**स्ट्रेस लेना**

नींद पूरी न होने, बहुत ज्यादा तनाव लेने से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है, जिससे मुंहासे, सूजन के साथ समय से पहले बुढ़ापे की समस्याएं हो सकती हैं।

**पानी की कमी**

शरीर में पानी की कमी से स्किन डल एंड ड्राई नजर आती है। चेहरे पर ग्लो ही नहीं रहता। ड्राईनेस के चलते रिंकल्स की समस्या हो सकती है। इससे बचे रहने के लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पानी का स्वाद अच्छा नहीं लगता, तो इसमें पुदीना, खीरा डालकर उसका स्वाद बढ़ा सकते हैं।

# स्त्री नहीं सिरकटे मचाएगा तहलका, मुश्किल है इस बार चंदेरी को आतंक के साये से बचाना





**एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर आखिरकार स्त्री (Stree 2 Trailer Released) के मचअवेडेट सीक्वल के साथ वापस आ गई हैं जिसने मैडॉक फिल्म्स के सुपरनैचुरल यूनिवर्स की शुरुआत की थी। प्रीक्वल एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म थी। वहीं स्त्री 2 में ये लेवल और बढ़ने वाला है क्योंकि फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है जो एंटरटेन करने का दावा करता है।**

**नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर एक बार फिर चुड़ैल बनकर तहलका मचाने वाली हैं। पिछले काफी दिनों से उनकी आगामी फिल्म स्त्री 2 चर्चा में बनी हुई है। ये फिल्म 2018 की हिट हॉरर-कॉमेडी स्त्री का सीक्वल है, जिसने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया था। स्त्री 2 की कहानी पिछली फिल्म स्त्री की कहानी को आगे बढ़ाती है, जिसमें श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव एक बार फिर लीड रोल में हैं।

पहली फिल्म की सफलता ने दर्शकों के बीच उम्मीदें और भी बढ़ा दी हैं, और अब स्त्री 2 के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था, जो अब खत्म हो गया है, क्योंकि स्त्री 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

सिरकटे का होगा स्त्री से होगा सामना

स्त्री 2 की कहानी चंदेरी नाम के गांव के इर्द- गिर्द घूमती है। पिछली फिल्म में गांव वाले स्त्री के आतंक से परेशान थे। वहीं अब कहानी में नए भूत सिरकटे की एंट्री हो गई है, जो स्त्री से भी ज्यादा खतरनाक है। कहानी में एक और ट्विस्ट है। इस बार श्रद्धा कपूर स्त्री बन लोगों की रक्षा करते हुए नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर में उनके कई दमदार सीन शामिल है।

वहीं, राजकुमार राव अपने पुराने अंदाज में विकी की भूमिका में लौटे हैं। स्त्री 2 में कई नए मोड़ और ट्विस्ट शामिल किए गए हैं, जिसे देखने के बाद फैंस के लिए स्त्री 2 का इंतजार करना और मुश्किल हो जाएगा।

**शानदार है स्त्री 2 की स्टार कास्ट**

स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव इस बार भी अपने किरदारों में पूरी तरह डूबे हुए नजर आ रहे हैं।

इनके अलावा पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी अपने पिछले किरदारों में वापस आए हैं। फिल्म की स्टार कास्ट उनके कॉमिक टाइमिंग और अभिनय ने ट्रेलर को और भी मजेदार बना दिया है।

स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है, जिन्होंने स्त्री के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी। फिल्म का संगीत भी आकर्षक और डरावना है, जो कहानी के मूड को और भी इफेक्टिव बनाता है। स्त्री 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगा।

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 22 जुलाई को 50 हजार से अधिक पौधे रौपे जाएगें-श्री जैन

**पौधा रोपण की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें- श्री कलेक्टर**



**रोपित पौधो को अंकुर वायुदूत एप्प पर अपलोड अवश्य करवाये कलेक्टर श्री जैन ने जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

**नीमच।** नीमच जिले में 22 जुलाई 2024 को सभी ग्राम पंचायतों में 200-200 पौधे रौपे जाएंगे। एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत सभी पंचायतों में 50 हजार से अधिक पौधे रौपे जाएंगे। रोपित पौधो को अंकुर वायुदूत एप्प पर अपलोड अवश्य करवाएं। सभी विभागों के जिला अधिकारी 22 जुलाई से पहले पौधा रोपण की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। यह बात कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में एक पेड मॉ के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कही।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

हरित भादवामाता अभियान 19 को- बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बताया, कि हरित भादवामाता अभियान के तहत जवासा से भादवामाता तक 19 जुलाई को 1200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। भादवामाता संस्थान एवं जनपद पंचायत पौधारोपण की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर अवगत कराए। जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 22 जुलाई को 50-50 पौधे लगाये जाएंगे। राशन दुकानों पर भी पौधारोपण किया जावेगा।

पंचायतों में अंकुर उपवन- बैठक में बताया गया कि जिले की सभी 246 ग्राम पंचायतों में अंकुर उपवन विकसित करने की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगामी 22 जुलाई को ग्राम पंचायतों में अंकुर उपवन में 200-200 पौधे रौपे जाएंगे। अंकुर उपवन के लिए चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण के लिए गढ्डों की खुदाई, वापर फेंसिंग एवं पौधो की व्यवस्था कर ली गई है।

सभी शालाओं में पौधा रोपण- एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत जिले की सभी 310 शालाओं के परिसरों में 50-50 पौधे लगाए जावेंगे। सभी शालाओं में एक साथ 2 अगस्त को पौधा रोपण किया जावेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को प्रेरित कर सभी किसानों से 10-10 पौधे अनिवार्य रूप से लगवाये।

साथ ही सभी पटवारी भी अपने क्षेत्र में पचास-पचास किसानो को प्रेरित कर पौधा रोपण करवाये।

जिले में 20 सितम्बर को रक्तदान महाअभियान- कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा कि आगामी 20 सितम्बर को जिले में रक्तदान महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान महाअभियान में पहली बार रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओं को प्रेरित कर रक्तदान के लिए उनकी सहमति ली जावेगी और 20 सितम्बर को उनसे रक्तदान करवाया जाएगा। कलेक्टर ने कालेजों के विद्यार्थियों और आईटीआई विद्यार्थियों को प्रथम बार रक्तदानदाता बनने के लिए प्रेरित कर, रक्तदान करवाने के निर्देश संबंधित प्राचार्यो को दिए है।

सी.एम.हेल्पलाईन में सभी विभाग रैंक सुधारे- बैठक में कलेक्टर दिनेश जैन ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने नगर परिषद अठाना, मनासा, डीकेन, नयागांव, सिंगोली, रतनगढ व्दारा सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का निराकरण कर अपनी रैंक में सुधार के लिए किए गऐ प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में न.प.जावद, रामपुरा, नीमच को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी विभागों को 50 दिवस से उपर की सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने और विभाग की रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए।

उन्होने कहा, कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत 70 से कम ना रहे।

# जिले के 16 गांवो में 18 जुलाई को राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन

**ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का किया जावेगा समाधान**



**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 18 जुलाई 2024 गुरुवार को प्रात:11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 16 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाए जाएगें।

अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच ने बताया, कि गुरूवार 18 जुलाई को इस अभियान के तहत नीमच नगर तहसील के ग्राम भोलियावास व बघाना, नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम गिरदौडा, बिसलवास सोनगरा, व लसुडी तंवर, जीरन तहसील के गाँव हरवार व हरनावदा, जावद तहसील के ग्राम आटा, मोरवन मनासा तहसील के ग्राम कुण्डला, मालाहेडाएवं पिपलिया घोटा, सिंगोली तहसील के ग्राम कछाला,माहुपुरापुरनएवं राणावतखेडा, रामपुरा तहसील के गाँव भदाना में राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकाधिक ग्रामीणों से इन राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने ने सम्बन्धित राजस्व अधिकारियो और पटवारियों को निर्देश दिए है, कि वे कोटवारों के माध्यम से सम्बन्धित गाँवों में शिविरों की सूचना ग्रामीणों और किसानो को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।

# जावद आई.टी.आई. में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया-100 पौधे रौंपे

**नीमच।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद में 15 जुलाई को विश्?व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणर्थियों ने स्किल कंपटीशन में भाग लेकर अपने-अपने व्यवसाय में निर्धारित प्रोजेक्ट बनाए। संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों, छात्रों एवं जावद नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संस्था परिसर में पौधारोपण किया गया।जिसमें लगभग 100 पौधे लगाए गए। अतिथियों ने आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में भ्रमण कर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विश्?व युवा कौशल दिवस के अवसर पर ग्रुप डिस्कशन, वाल पेंटिंग, वेस्ट मटेरियल से बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट में उच्च स्थान हासिल करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।संस्था प्राचार्य श्री सुनील कुमार सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। संस्था प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के सभी पात्र आवासहीनों को भू-अधिकार पत्र प्रदान करें-श्री जैन

**कलेक्टर श्री जैन ने की जनसुनवाई- 108 आवेदकों की सुनी समस्याएं**



**नीमच।** मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत पात्रता का परीक्षण कर सभी सभी पात्र आवासहीनों को आबादी क्षेत्र में भूमि स्वामी का भू-अधिकार पत्र प्रदान करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री जैन ने तहसीलदार नीमच को पिपलोन निवासी वेणीराम कुल्मी द्वारा गांव की आबादी में आवासीय पट्टा प्रदान करने सम्बंधी आवेदन पर कार्यवाही करते हुए दिये। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद , एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने भी आवेदकों की समस्याए सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री जैन ने 108 आवेदकों की समस्याएं सुनकर, उनका निराकरण करने के निर्देश सम्बंधित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री जैन ने ग्वालदेवीया निवासी गोपाल गुर्जर के आवेदन पर समग्र स्वच्छता अभियान के तहत पात्रता का परीक्षण कर, आवेदक को शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश जनपद सीईओं को दिए। कलेक्टर ने सीएमओं नीमच को सेवानिवृत सोनाबाई को नवम्बर 2023 से बकायापेंशनका तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। ग्राम लसुडीयां आंत्री के मुकेश गुर्जर के आवेदन पर उसकी निजी जमीन पर जबरन कब्जा करने वालों बोई फसल नष्ट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में बिसलवास खुर्द के बाबुलाल रामलाल को नि-शुल्क विधिक सहायता एवं अभिभाषक की सुविधा उपलब्ध करने के निर्देश जिला विधिक सहायता अधिकारी को दिये। कलेक्टर श्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी नीमच को निर्देश दिए , कि शा.बा.उ.मा.वि.रतनगढ़ में अति?थि शिक्षक वर्ग-1 (रसायन) की भर्ती एवं पेनल की जांच करे , कि प्राचार्य द्वारा अतिथि शिक्षक की निम्नानुसार भर्ती की या नही? जनसुनवाई में नीमच की रामीबाई, चीताखेड़ा की नानीबाई, नीमच सीटी के विनोद चौधरी, घसुण्डी-बामनी के मांगीलाल, कुकड़ेश्वर के गोपाल पिता हीरालाल, अखैपुर के रूपचंद, मनासा के हरिराम, घसुण्डी-बामनी के सोहनलाल, कनावटी के चम्पालाल, नीमच की सुनीता कुचबंदिया, नीमच के अशोक जौहरी, भरभड़िया के दशरथ, बिसलवास कला के कमलदास बैरागी, बावल के दिनेश रैगर, रामपुरा के विष्णु मीणा, रामपुरा के मदन मीणा, उगरान के जीवनदास, रामपुरा के मुकेश गौड़, जमुनिया रावजी की शोरमकुंवर, हिंगौरिया के नीलेश चौहान, धोकलखेड़ा के वजेराम कुमावत, रामपुरा की संतोषीबाई, सिंगोली की जमनीबाई, मनासा के गोपाल मीणा, धोकलखेड़ा के रामनिवास, मोड़ी के मोड़ीराममेघवाल, रामपुरा के मांगीलाल चारण, रतनगढ़ के दिनेश खटीक, कनावटी के सुरेश धानुक, दौलतपुरा जाट के शांतिलाल प्रजापत, सिंगोली की सोना भील, नीमच की सीमा गर्ग, भगवानपुरा जावद के रामदेवने भीअपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर , समस्याएंसुनाई।

# घटना एं कर्बला दुनिया का सबसे पहले आतंकवाद हारून रशीद कुरैशी



**नीमच।** लगभग डेढ़ हजार साल पहले कर्बला के मैदान में निहत्थे और मासूम लोगों पर उसे वक्त के जालिम बादशाह ने जो घटना घटित की वहां दुनिया का सबसे बड़ा और पहला आतंकवाद है! उसमें जालिम बादशाह मोर्चा जीतकर भी जंग हार गया और जुल्म बेनकाब हो गया और इंसानियत जीत गई इसलिए यजीदियत मर गई हुसैनीअत अमर हो गई और यहां अशरा दुनिया के लिए एक नमूना है। जिसमें पूरी दुनिया इस बात को स्वीकार करती है। यह उद्धार हैं अंजुमन मिल्लत इस्लाम के जनरल सेक्रेटरी वह पूर्व पार्षद हारून रशीद कुरेशी का कहना है।

इस्लाम में बहुत सारी जंग हुई है मगर उसका स्वरूप दूसरा था कर्बला का स्वरूप यहां था कि धोखे से बुलाकर निहात्थे मासूम इमाम हुसैन के लश्कर को उस वक्त की हुकूमत ने जुल्म के साथ शहीद किया गया। और इस अपराध में पूरी हुकूमत शामिल थी। जालिम बादशाह हज़रत इमाम हुसैन को अपनी बात मनवाना चाहता था जो बे उसूली थी, हजरत इमाम हुसैन ने उसे बात को मानने से इनकार कर किया और अपने नाना के दिन के बचाने स्वयं खुद की और अपने परिवार की जिसमें मासूम दूध पीते बच्चे महिलाएं और अपने नजदीक लोगों की शहादत पेश की मगर हाकिमे वक्त के सामने झुकना पसंद नहीं किया श्री कुरैशी ने कहा है

अब तो बहुत सी दुनिया भर में बहुत सी हुकूमत यजीदी राह पर चलकर इंसानियत को शर्मसार कर रही है। आतंकवाद फैला रही है

इसकी शुरुआत कर्बला से हुई जिसका सिलसिला आज तक जारी है बहुत सी हुकूमत अपनी बातें मनवाने के लिए इसी तरह का कार्य करती है। और इंसानियत पर जुल्म ढहा रही है श्री कुरैशी ने कहा है कि आज दुनिया में जो ओरिजिनल इस्लाम जो शेष हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी का नतीजा उन्होंने सिर्फ इस्लाम का झंडा को बुलंद नहीं किया बल्कि सुबह कयामत तक की इंसानियत लिए यह नमूना पेश किया है कि इंसानियत जिंदा रहेगी उसूलों पर समझौता करके कुछ लोगों की हुकूमत चल सकती है मगर इंसानियत जिंदा नहीं रह सकती श्री कुरैशी ने कहा एक बड़ी बात कही है कि हज़रत इमाम हुसैन को दुनिया में वहां लोग भी मानते हैं

जो अल्लाह को नहीं मानते जिसका अर्थ यह नहीं की हजरत हुसैन का मर्तबा अल्लाह से बड़ा है वास्तविकता यह है कि हज़रत इमाम हुसैन आस्था सभी वर्गों को है और यहां जानते हैं कि यहां मासूम है और उन पर जुल्म हुआ है जिसे जुल्म किया वह जालिम बादशाह था यही बात है कि आज तक किसी ने अपने बच्चों का नाम यजीद नहीं रखा।

# प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ मध्यान भोजन सांझा चूल्हा रसोईया ने विरोध प्रदर्शन किया



**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के लिए जारी आदेश वापस लिए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह मध्यान भोजन सांझा चूल्हा रसोईया बहनों ने मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास विभाग मंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि एसडीएम ममता खेड़े को सोंपा, जिसमें बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट

में प्रदेश के सभी संभागों की एक-एक परियोजना के आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने और खिलाने का काम वहां पूर्व से गठित महिला स्व सहायता समूह से छीन कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को देने के लिए आदेश जारी किए हैं जिसका प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ विरोध किया इस व्यवस्था पर पुन: विचार कर आदेश वापस लेने की मांग की। ताकि महिला बहनों का रोजगार बना रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और ब्लॉक स्तर से परियोजना अधिकारियों की मिली भगत की वजह से वास्तविक जानकारियां छिपाई जा रही है बच्चों के आंकड़े पूर्व में भी कम दिए गए थे जिसकी जानकारी दिल्ली तक पहुंची है इस आधार पर माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश में कुपोषण की स्थिति खराब है और इसका नुकसान गरीब और अभिज्ञ स्वयं सहायता समूह को भुगतना पड़ रहा है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर मिलकर उक्त व्यवस्था में भारी भ्रष्टाचार करेंगे जिसकी प्रबल संभावना दिखाई दे रही है जिसका पूर्ण प्रमाण 2007 में हुए भ्रष्टाचार और मनमाने बिल का भुगतान है दिए गए ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि जब तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत जारी किया गया आदेश वापस नहीं लिया जाता है तब तक 16 जुलाई 2024 से किचन बंद कर हड़ताल की जाएगी और स्व सहायता समूह एवं रसोईया बहनों के साथ सड़क पर आकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें चक्का जाम जल सत्याग्रह जैसे आंदोलन भी किए जाएंगे। बता दे कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश की 11 लाख स्व सहायता समूह की बहने बेरोजगार हो जाएगी

## सिखवाल समाज की शोभायात्रा वाहन रैली 21 को

**नीमच।** सिखवाल ब्राह्मण समाज नीमच द्वारा सिखवाल ब्राह्मण विकास समिति नीमच के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के भवन उपलक्ष्य में महर्षि श्रृंगी ऋषि महाराज का जयंती पर्व विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा । सिखवाल ब्राह्मण विकास समिति केअध्यक्ष दिनेश शर्मा महिला अध्यक्ष अपेक्षा शर्मा सचिव प्रीति पांडे, ओम प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम का शंखनाद 21 जुलाई को रविवार सुबह 8 बजे गुरु पूजन, अभिषेक पूजा , शांति पाठ आरती से होगा। रविवार सुबह 8-30 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा ।शोभा यात्रा औद्योगिक क्षेत्र पुलिस लाइन के सामने मार्ग स्थित श्रृंगेश्वर बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: मंदिर पर पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में परिवर्तित हो जाएगी। पूजा पाठ आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शिवना नदी के घाट पर साफ सफाई की गई

**मंदसौर।** मंदसौर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवना नदी के घाट के ऊपर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं एनसीसी कैडेट के छात्रों द्वारा साफ-सफाई की गई। नपा अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर द्वारा एनसीसी कैडेट के छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान स्वच्छता अधिकारी श्री हेमंत शर्मा एवं स्वच्छता प्रभारी स्टाफ उपस्थित था ।

## विशेष भर्ती अभियान के तहत 31 जुलाई तक करें आवेदन

**मंदसौर।** संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि कार्यालय में पशुपालन स्थापना अंतर्गत नि-शक्तजनों के आरक्षित पदों को वॉक-इन-इन्टरव्यु के माध्यम से पुर्ति की जाना है। जिसके कार्यालय में 31 जुलाई 2024 तक कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी स्टेशन रोड़ मंदसौर में कार्यालय समय में उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक द्वारा आवदेन प्रस्तुत कर सकते है।

आवेदक 2 अगस्त 2024 को प्रात-11 बजे कार्यालय में शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, नि-शक्तता का प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ वॉक-इन-इन्टरव्यु के लिये उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिये पशुपालन एवं डेयरी विभाग में सम्पर्क कर सकते है।

# पाप कर्म क्षय करने के लिए तपस्या सशक्त माध्यम है-आचार्य श्री धर्म बोधी सुरीजी मसा, प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु भक्त




**नीमच।** रात्रि भोजन से जीवो की हिंसा होती है। इससे हमें सदैव बचना चाहिए ।रात्रि भोज करने से पाप कर्म बढ़ता है पुण्य कर्म घटता है।रात्रि भोज नरक का प्रवेश द्वार होता है। पाप कर्म क्षय के लिए तपस्या सशक्त माध्यम है

यह बात आचार्य धर्म बोधी सुरी श्री जी महाराज साहब ने कहीं ।वे जैन श्वेतांबर श्री भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर श्री संघ ट्रस्ट पुस्तक बाजार के तत्वावधान में पुस्तक बाजार स्थित नवीन आराधना भवन में आयोजित धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आयम्बिल तप साधना से आत्म कल्याण होता है। संतो को शुद्ध और पवित्र आहार किस प्रकार से कराते हैं इसका धर्म संस्कार नैतिक ज्ञान भी लोगों को नहीं है इससे साधु संतों के सानिध्य में हमें सीखना चाहिए तभी हमें पुण्य का लाभ मिल सकता है। साधु संतों कोआयम्बिल वृत तप में सूखी रोटी चावल का पानी संतो को आहार करना चाहिए।, मोबाइल पाप कर्म का राक्षस होता है इससे सदैव बचना चाहिए। जीवों की रक्षा के लिए जीव दया का पालन करना चाहिए। तपस्या के पुण्य फल से संसार के सारे भौतिक सुख सुविधा का आंनद स्वत-मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र में वातावरण शुद्ध रहता है। पश्चिम शिक्षा के कारण देश के लाखों माता-पिता की हालत खराब है। यदि बच्चों को धार्मिक संस्कारों से जोड़ा जाए तो शिक्षा की सहायक सिद्ध हो सकती है। इस अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक ? ग्रंथों पर आधारित प्रश्न संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पूज्य आचार्य भगवंत श्री जिनसुंदर सुरिजी मसा आदि ठाणा 8 का सानिध्य मिला। आचार्य भगवंत के प्रवचन एवं धर्मसभा हुई। श्री संघ अध्यक्ष अनिल नागौरी सचिव मनीष कोठारी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे प्रवचन करने के साध्वी वृंद के दर्शन वंदन का लाभ नीमच नगर वासियों को मिला प्रवचन का धर्म लाभ लिया।

# विधवा महिला ने बघाना पुलिस पर लगाए आरोप, बयान के दौरान थाने पर की गई मारपीट, वीडियो भी कराया उपलब्ध, कलेक्टर सहित एसपी को हुई शिकायत



**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली अमर कॉलोनी निवासी विधवा महिला रुक्मिणी देवी पति स्वर्गीय राधेश्याम धानुक ने बघाना थाने की पुलिस पर बयान के दौरान मारपीट के आरोप लगाए हैं साथ ही दोषी को संरक्षण देने के आरोप भी महिला द्वारा पुलिस पर लगाए गए हैं और उसके साथ थाने में मारपीट का वीडियो भी उपलब्ध कराया है उक्त मामले में पीड़ित महिला रुक्मिणी देवी ने कलेक्टर और एसपी के समक्ष शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह अमर कॉलोनी के निवासी है और 30 दिसंबर 2023 को उसके द्वारा थाने पर अज्ञात व्यक्ति से परिवार को जान माल का खतरा होने व परिवार की सुरक्षा के संदर्भ में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर 10 जनवरी 2024 को दोपहर 12-00 बजे के लगभग वह अपने पुत्र विजय के साथ अपने बयान दर्ज कराने बघाना थाने पर गई थी जहां जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह बिसेन मिले जिस पर वहां मौजूद दिलीप जाट ने हमारे बयान लिए बयान के दौरान ही मेरे द्वारा वहां मौजूद अधिकारी वीरेंद्र बिसेन से यह निवेदन किया गया। उक्त मामले की शिकायत मेरे भाई मुकेश द्वारा भी 28 दिसंबर को की गई थी उस मामले को भी जांच की जाए जिस पर अधिकारी भड़क गए और मुझसे बदतमीजी से पेश आने लगे,मेरे साथ अपशब्दों का प्रयोग कर मुझसे झूमा झपटी करने लगे जिस पर मेरे पुत्र विजय ने बीच बचाव किया तो वह मौजूद पुलिस अधिकारी वीरेंद्र बिसेन ने उसके साथ भी मारपीट करते हुवे चाटे जड़े और असत्य धारा 151 में मुकदमा बनाकर गिरफ्तार कर लिया जिनकी जमानत शाम 6-00 बजे नायब तहसीलदार के न्यायालय में 25 हजार रु देकर की गई, इस मामलर की शिकायत मेरे द्वारा एसपी के समक्ष भी की गई है

परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है दिए गए ज्ञापन में उपरोक्त पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई ।

## गरीब व विधवा महिलाओं को पट्टा दिए जाने की मांग, पार्षद सहित महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** सिटी वार्ड नंबर 6 में निवासरत विधवा व गरीब महिलाओं को पट्टा दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को वार्ड पार्षद दारा सिंह यादव महिलाओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर की जनसुनवाई में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वार्ड नंबर 6 में किरण बाई पति प्रताप यादव, चोमेला बाई पति स्वर्गीय मोहन जाटव, कलाबाई पति स्वर्गीय नानूराम जाटव, चमेली बाई पति स्वर्गीय देवी सिंह जाटव वार्ड नंबर 6 में विगत लंबे समय से निवासरत है और कच्चे मकान में रहकर अपना जीवन यापन कर रही है वर्तमान में बारिश का समय चल रहा है कभी भी कच्चा मकान अति वर्षा के चलते ढह सकता है ऐसे में उपरोक्त महिलाओं को शासन की योजना के तहत पट्टा आवंटित किया जाए ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, आईडीबीआई बैंक के सामने, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्कः 9407423966, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।